दिनांक—16.09.2024 समय—7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गांधीनगर में चौथे नवीकरणीय ऊर्जा निवेश वैश्विक औद्योगिक सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन।
- कल से प्रारंभ होगा स्वच्छता पखवाड़ा, प्रदेश के सभी 51 हजार गांव खुले में शौच से मुक्त।
- आज देश के साथ प्रदेशभर में भी मनाई जा रही ईद मिलाद उन नबी।

  और
- प्रदेष के विभिन्न हिस्सों में हल्की और मध्यम बारिष होने की संभावना।

............................................................

पीएम—गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे नवीकरणीय ऊर्जा निवेश वैश्विक औद्योगिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। वे अहमदाबाद से गांधीनगर और गिफ्टसिटी के बीच अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री आज पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से भी मिलेंगे। आज दिन में प्रधानमंत्री मोदी आठ हजार करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। इनमें अहमदाबाद और भुज के बीच देश की पहली वन्दे भारत मेट्रो ट्रेन शामिल है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश में क्लीन और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को साझा करेंगे। एक्सपो में मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश राज्य इस समिट में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

............................................................

स्वतच्छता ही सेवा अभियान

स्वतच्छता ही सेवा अभियान 2024 कल से शुरू होगा और 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय स्वभाव स्वच्छता—संस्कार स्वच्छता रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिडिया घरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। प्रदेशभर में इस सिलसिले में कई गतिविधियों आयोजित की जाएंगी, जिनमें आम लोगों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए हमें 'संस्कार स्वच्छता और स्वभाव स्वच्छता' के सिद्धांत पर अमल करना होगा। उन्होंने कहा कि नवाचारों के माध्यम से अभियान को सफल और प्रभावी बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन—ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश में 70 लाख से अधिक घरों में नए शौचालय बने और सभी 51 हजार ग्राम तय समय से पहले खुले में शौच मुक्त घोषित हुए।

............................................................

उज्जैन—दुग्ध संघ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ की क्षमता में वृद्धि करते हुए इसके उत्पादन क्षमता को 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। कल सहकारी दुग्ध संघ के कर्मचारी संवाद कार्यक्रम में डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ बढ़ी हुई मात्रा की खपत के लिए भी कार्य किया जाएगा। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के माध्यम से दुग्ध खपत के लिए दुग्ध संघ की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुग्ध सहकारी संघ को मजबूत बनाने के साथ किसानों के लिए जितनी भी राशि चाहिए वह दी जाएगी।

.....................................................

अच्छी खबर–सीहोर

फ्रांस की राजधानी पैरिस में आयोजित हुए पैरालंपिक गेम में भारत को 25वां पदक कांस्य के रूप में दिलवाने वाले मुरलीगांव, सीहोर के कपिल परमार ने एक नया रिकार्ड अपने नाम करते हुए वे भारत के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। जिन्होंने आजादी के बाद पहली बार जूडो खेल में कांस्य पदक दिलवाया है।

.....................................................

ईद मिलाद

पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर देश के साथ प्रदेष के विभिन्न भागों में आज ईद मिलाद–उन–नबी का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मिलाद महफिल और सीरत सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें पैगम्बर मोहम्मद के जीवन और उनके शिक्षाओं के बारे में बताया जाता है। इस मौके पर मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मिलाद–उन–नबी के अवसर पर देश के नागरिकों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को बधाइयां दी हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने समाज को शांति, सद्भाव, एकता और सहनशीलता और सहिष्णुता का संदेश दिया।

.....................................................

अनिवार्य घोषणा– पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग, अपने द्विभाषी साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढ़े नौ बजे "स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए सरकार की पहल" विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। इस कार्यक्रम में श्रोताओं को स्वाच्छता अभियान के विभिन्न पक्षों पर विशेषज्ञों से प्रश्न पूछने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान श्रोता टेलीफोन नंबर 011–23 42 10 50 और 011–23 31 44 44 पर विशेषज्ञों से प्रश्न पूछ सकते हैं। इसके अलावा वाट्स ऐप नंबर 92–89–09–40–44 पर भी सवाल भेजे जा सकते हैं। हैशटैग आस्क ए.आई. आर. के साथ एक्सक पर भी सवाल पोस्टर किये जा सकेंगे।

.....................................................

शतरंज ओलंपियाड

45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन में कल बुडापेस्ट् में भारतीय टीम ने अजरबैजान के खिलाफ तीन–एक से जीत दर्ज की, जबकि महिला टीम ने कजाकिस्तातन को पांचवे दौर में दो दशमलव पांच – एक दशमलव पांच के अंतर से हरा दिया। ओपन सेक्शन में भारत के गुकेश ने अपने प्रतिद्वंदी ग्रैंडमास्टर आएदिन सुलेमानली पर आसान जीत दर्ज की।

.....................................................

मौसम

इस सप्ताह देश के पूर्वी हिस्सों, मध्य प्रदेश, कोंकण और गोवा में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने अगले छह दिनों के दौरान विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, गुजरात और उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटे के दौरान सिंगरौली, सीधी, मऊगंज, शहडोल में भारी बारिश का येला अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही इंदौर, ग्वालियर, धार, छतरपुर सहित 33 जिलों में कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि भोपाल, ग्वालियर समेत 35 जिलों में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। प्रदेश में अब तक औसत 40.4 इंच बारिश हो चुकी है।

.....................................................

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- रतलाम में भारतीय जनता पार्टी कल सदस्यता अभियान के साथ सेवा पखवाड़ा मनायेगी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के लिए जिला टोली का गठन किया।
- बैतूल जिले में कल नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस में लंबित कुल 773 प्रकरणों में राजीनामा द्वारा निराकरण किया गया और 8 करोड़ 90 लाख से अधिक का अवार्ड पारित किया गया।
- नगर निगम भोपाल द्वारा आवारा 'ष्वानों को पकडकर नसबंदी और एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। दलों ने षहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए कई आवारा ष्वानों को पकडकर नसबंदी केन्द्रों में भेजा।
- पोषण माह के तहत रायसेन जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो में जागरूकता गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है। महिला बाल विकास अधिकारी दीपक संकत ने बताया की पोषण माह में जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जिले को कुपोषण मुक्त करना प्रमुख उद्‌देष्य है।
- पन्ना में कल एमबीबीएस के दो छात्रों की बांध में डूबने से मौत हो गयी। यह हादसा जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर अजयगढ़ कस्बे के पास स्थित धवारी बांध में हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

.......................................................